खबर संक्षेप

सैकड़ों वाहन फंसे

सतना। जाम के कारण नेशनल हाईवे के दोनों ओर सैकड़ों ट्रकों और बसों के पहिए थम गए थे। मौके पर तनाव की स्थिति बनी हुई है और ग्रामीण उचित मुआवजे व सुरक्षा इंतजामों की मांग पर अड़े रहे। खबर लिखे जाने तक जाम लग रहा।

रहिकवारा में फिर सक्रिय हुआ शराब माफिया, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

सतना। जिले के नागौद थाना क्षेत्र अंतर्गत रहिकवारा गांव में अवैध शराब का कारोबार एक बार फिर फलने-फूलने लगा है। ग्रामीणों का आरोप है कि आबकारी विभाग की सुस्ती के चलते शराब माफिया बेखौफ हो गए हैं। प्रधानमंत्री आवास में दुकान सजाकर अवैध शराब बेची जा रही है।

यात्री बस ने महिला को कुचला, हालत गंभीर

सतना। पुराने बस स्टैंड पर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहाँ ग्वालियर से आई एक यात्री बस से उतरकर दूसरी बस (सेमरिया) पकड़ने जा रही महिला को एक बस ने कुचल दिया। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया है,जहाँ उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

कोठी में सड़क दुर्घटना,दो लोग गंभीर रूप से घायल

सतना। कोठी थाना क्षेत्र के ग्राम झंडा में एक सड़क हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सूचना मिलते ही कोठी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की सहायता से कोठी अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों का उपचार जारी है और पुलिस दुर्घटना के कारणों का पता लगा रही है।

उमरी में युवती ने फांसी लगाकर दी जान

सतना। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले उमरी मोहल्ले में एक युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है।आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है ताकि मौत की असली वजह सामने आ सके।

सड़क पर जानलेवा गड्ढा, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

उमरियापान। उमरियापान से ढीमरखेड़ा मार्ग पर खिरवा-पोंड़ी मुख्य सड़क की बदहाल स्थिति राहगीरों के लिए खतरा बनी हुई है। सड़क पर बने गहरे गढ्ढे के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बावजूद इसके संबंधित विभाग द्वारा अब तक सुधार कार्य नहीं कराया गया है।ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर बने गड्ढों की जानकारी अधिकारियों को कई बार दी जा चुकी है। इसके अलावा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग दिन-रात व्यस्त रहता है और प्रतिदिन बड़ी संख्या में दोपहिया एवं चारपहिया वाहन गुजरते हैं। बारिश के दौरान सड़क पर पानी भर जाने से गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। खासकर मोटरसाइकिल चालक सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। लगातार उपेक्षा के कारण गड्ढों का आकार भी बढ़ता जा रहा है।

स्लॉट बुकिंग बंद होने से किसान परेशान

सिलौंडी। सिलौंडी क्षेत्र के किसान गेहूं उपार्जन करने हेतु स्लांट बुकिंग ना होने से भटकना पड़ रहा है। आगामी फसल हेतु पैसे की बहुत जरूरत होने पर भी समय पर गेहूं उपार्जन नही होने से कुछ किसान कर्ज लेने को मजबूर है तो कुछ किसान कम दाम में गेहूं बेच रहे है । किसान पहले से पंजीयन कराकर बैठे हैं, लेकिन बुकिंग शुरू न होने से केंद्रों के चक्कर काट रहे हैं। जिनकी पहले से बुकिंग थी उनकी तौल चल रही है।

सतना की सियासत के 'रसूख' में उलझा विकास, जनता की उम्मीदें अब भी अधूरी

तरक्की की रफ्तार किसी 'पैसेंजर ट्रेन' जैसी!!

सतना। यहां की राजनीति में परिवारवाद और जातिवाद की जड़ें इतनी गहरी हो चुकी हैं कि यहाँ विकास के विजन पर हमेशा सियासी समीकरण हावी रहे हैं। विंध्य का यह महत्वपूर्ण जिला,जो औद्योगिक रूप से संपन्न हो सकता था,आज अपनी बदहाली और प्रशासनिक सुस्ती के कारण चर्चा में है।

दिग्गज नेताओं की फौज, फिर भी विकास 'कछुआ चाल'

सतना की विडंबना देखिए कि यहाँ सत्ता पक्ष के कद्दावर चेहरों की कमी नहीं है। जिले में भारतीय जनता पार्टी के सांसद,महापौर और कैबिनेट मंत्री की मौजूदगी है। पूर्व में भी सतना ने प्रदेश सरकार को कई प्रभावशाली मंत्री दिए हैं। बावजूद इसके,सतना की तरक्की की रफ्तार किसी 'पैसेंजर ट्रेन' जैसी है,जबकि जनता इसे 'एक्सप्रेस' की गति से बढ़ते देखना चाहती थी।

स्मार्ट सिटी का दंश और टूटी सड़कों का जाल

शहर में स्मार्ट सिटी योजना के तहत करोड़ों के काम कागजों पर तो चमक रहे हैं,लेकिन धरातल पर आम नागरिक धूल और गड्ढों के बीच जीने को मजबूर है। शहर के बीचों-बीच स्थित मुख्य मार्ग लंबे समय से जर्जर हाल में हैं।विडंबना यह है कि आधुनिक भारत के दौर में भी सतना के नागरिकों को बुनियादी सड़क और नाली जैसी सुविधाओं के लिए सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों के कामकाज पर अब सीधे सवालिया निशान लग रहे हैं।

धीमी होती रफ्तारः रेलवे और इंफ्रास्ट्रक्चर

सिर्फ सड़कों का ही बुरा हाल नहीं है,बल्कि रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का काम भी बेहद धीमी गति से चल रहा है। स्टेशन के आधुनिकीकरण का काम जिस रफ्तार से होना चाहिए था,वह सुस्त प्रशासनिक कार्यप्रणाली की भेंट चढ़ गया है। यात्री सुविधाओं के नाम पर केवल आश्वासन मिल रहे हैं।

चुनावी आहट और नेताओं की सक्रियता

जैसे-जैसे विधानसभा,लोकसभा और नगर निगम के चुनाव नजदीक आ रहे हैं,नेताओं की 'भीतरी' सक्रियता बढ़ गई है। गठबंधन और जातिगत गणित बिठाने के लिए गुपचुप बैठकें जारी हैं। लेकिन कड़वा सच यह है कि सत्ता पक्ष के बड़े नेता जनता के बुनियादी मुद्दों पर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। सतना की जनता अब केवल आश्वासनों से संतुष्ट होने वाली नहीं है। जब तक राजनीति में व्यक्तिगत हित और जातिवाद के बजाय जवाबदेही और विजन को प्राथमिकता नहीं दी जाएगी,तब तक सतना के विकास को 'चार चांद' लगना मुश्किल है। आगामी चुनाव में जनता के मन में यह सवाल सबसे ऊपर होगाआखिर उनके वोट की कीमत विकास क्यों नहीं?

बाबा मेहरशाह दरबार में 17 मई से शुरू होगा 'सनातन भक्ति महोत्सव'

सतना।

बाबा मेहरशाह दरबार,सिंधी कॉलोनी में महंत स्वामी पुरुषोत्तमदास जी के सानिध्य में सिंधी समाज की एक विशेष बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में 17मई से 2जून तक चलने वाले विभिन्न धार्मिक आयोजनों की रूपरेखा तय की गई और व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने के लिए सर्वसम्मति से विभिन्न उप-समितियों का गठन किया गया। दरबार के मुख्य प्रवक्ता राजकुमार बजाज ने बताया कि पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आयोजित 'सनातन भक्ति महोत्सव' की शुरुआत 18 मई को होगी। इस दिन पूज्य दरबार साहब में शिव मंदिर स्थापना के उपलक्ष्य में शाम 6 बजे विशाल आरती का आयोजन किया जाएगा।

सिंधी भाषा में होगी इष्टदेव झूलेलाल की जीवनी गाथा

इस महोत्सव की खास बात यह है कि पहली बार संत लालसांईं द्वारा सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान झूलेलाल जी की जीवनी गाथा सिंधी भाषा में सुनाई जाएगी। यह संगीतमय कथा तीन दिनों तक चलेगी। 22 से 28 मई तक परम श्रद्धेय आचार्य गौरव कृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से श्रद्धालु भागवत कथा का रसास्वादन करेंगे। सतगुरु बाबा दयालदास साहिब का वरसी महोत्सव 27 मई से आरंभ होगा,जिसका समापन 29 मई को होगा। 29 मई को संत श्री शेहरा वाले सांईं जी (अहमदाबाद) द्वारा पूज्य बहाराणा साहिब जी की पूजा एवं पल्लव का कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। 30 मई से 1 जून तक संत श्री कृष्ण दास जी द्वारा भक्त माल कथा का वाचन किया जाएगा। महोत्सव का समापन 2 जून की शाम विशाल खाटू श्याम भजन संध्या के साथ होगा। बैठक में समाज के प्रबुद्ध जनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और महोत्सव को भव्य बनाने का संकल्प लिया। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से इन धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागी बनने की अपील की है।

अमरपाटन में ट्रक की चपेट में आने से महिला की दर्दनाक मौत,फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

सतना। अमरपाटन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नेशनल हाईवे पर आज उस वक्त चीख-पुकार मच गई,जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने राह चलती महिला को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मृतिका सरोज साकेत निवासी बारी गांव का शव सड़क पर क्षत-विक्षत हो गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी और लापरवाही का आरोप लगाते हुए एन एच-30 पर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि प्रशासन और एनएचएआई की सुस्ती निर्दोष लोगों की जान ले रही है।

8 माह से फरार एनडीपीएस एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

सतना। कोठी पुलिस ने नशीली कफ सिरप की तस्करी के मामले में पिछले 8 महीनों से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सोनौर चौराहा के पास एक वाहन एम एच-01-वाय ए-0371 दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। वाहन की तलाशी लेने पर पुलिस को 1110 नग प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप बरामद हुई थी। हादसे के बाद चालक और उसका साथी मौके से फरार हो गए थे,जिसके बाद पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट और म.प्र.ड्रग्स कंट्रोल अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। लगातार तलाश के बाद,थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष तिवारी की टीम ने घेराबंदी कर आरोपी सतीश त्रिपाठी 30 वर्ष,निवासी डोमहाई (सभापुर),को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। मामले में शामिल एक अन्य आरोपी अभी भी फरार है,जिसकी तलाश जारी है। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी संतोष तिवारी सहित सायबर सेल के उप निरीक्षक अजीत सिंह और कोठी थाने के अन्य पुलिसकर्मियों की सराहनीय भूमिका रही।

प्रशासन की 'आंख मिचौनी': बालकिशन दास वाटिका में उजाड़ और चोरी पर चुप्पी क्यों?

सतना। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत हनुमानचौक के समीप स्थित पुरानी आबकारी इलाके की बालकिशन दास वाटिका इन दिनों प्रशासनिक नकारापन और नगरनिगम की घोर अनदेखी की जीती-जागती मिसाल बन गई है। शनिवार को जिला प्रशासन और नगर निगम ने भारी तामझाम के साथ वाटिका की दीवार से सटे अतिक्रमण को बलपूर्वक हटा तो दिया,लेकिन इस 'दिखावटी' कार्रवाई के पीछे छिपे असली सवालों से नजरें फेर लीं।

सरकारी मेहरबानी से फला-फूला अतिक्रमण

बड़ा सवाल यह है कि आखिर यह अतिक्रमण किसकी देखरेख में हुआ? किसके राजनीतिक या प्रशासनिक संरक्षण ने अवैध कब्जेदारों को इतनी हिम्मत दी कि वे एक सार्वजनिक उपयोग की जगह को अपना चरागाह बना लें? प्रशासन ने मलबे तो साफ कर दिए,लेकिन उन चेहरों को बेनकाब करने की जहमत नहीं उठाई जिन्होंने इस अतिक्रमण को अपनी छत्रछाया में फलने-फूलने दिया।

लाखों का जिम 'गायब', निगम रहा सोता

बालकिशन दास वाटिका कभी शहर की खूबसूरती और स्वास्थ्य का केंद्र हुआ करती थी। इसे सजाने-संवारने के नाम पर लाखों रुपये खर्च कर आधुनिक जिम के उपकरण लगाए गए थे। लेकिन आज हकीकत यह है कि नगर निगम की कुंभकर्णी नींद के कारण पूरा का पूरा जिम गायब हो चुका है। असामाजिक तत्वों और चोरों ने न केवल जिम के कीमती सामान पार कर दिए,बल्कि वाटिका की बाउंड्री वॉल और यहां लगे दुर्लभ पेड़-पौधों को भी तहस-नहस कर दिया। विडंबना देखिए जिस वाटिका को नागरिकों के लिए सुरक्षित किया जाना था,उसे प्रशासन ने चोरों और अराजक तत्वों के हवाले कर दिया।

दान की जमीन,प्रशासन की बेरुखी

गौरतलब है कि यह वाटिका एक निजी संपत्ति है,जिसे जनहित के लिए दान स्वरूप दिया गया था। किसी ने अपनी जमीन इस उम्मीद में सौंपी थी कि प्रशासन इसका संरक्षण करेगा। लेकिन जिला प्रशासन और नगर निगम इस 'पवित्र अमानत' की रक्षा करने में बुरी तरह नाकाम साबित हुए हैं। बाउंड्री वॉल का टूट जाना और सार्वजनिक संपत्ति की लूट होना सीधे तौर पर प्रशासनिक लापरवाही का प्रमाण है।

भविष्य पर सवालिया निशान

अतिक्रमण हटना महज एक छोटी सी प्रक्रिया है,असली चुनौती इसके पुनरुद्धार और सुरक्षा की है। क्या प्रशासन गायब हुए जिम के सामान की रिकवरी करेगा? क्या उन अधिकारियों पर कार्रवाई होगी जिनकी नाक के नीचे यह संपत्ति लूटी गई? क्या दोबारा दीवार बनाकर इसे सुरक्षित किया जाएगा या फिर इसे फिर से भू-माफियाओं के हवाले कर दिया जाएगा? फिलहाल,बालकिशन दास वाटिका अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है और शहर की जनता इन अनुत्तरित सवालों के जवाब तलाश रही है। प्रशासन की यह कार्रवाई केवल 'खानापूर्ति' बनकर न रह जाए,इसके लिए अब कड़े कदम उठाने की जरूरत है।

अतिक्रमणकारियों के नजीराबाद में पक्के मकान

बालकिशन दास वाटिका में तीन दर्जन से अधिक अवैध मकानों पर प्रशासन का डंडा चला है। सूत्रों के अनुसार,90 फीसदी कब्जाधारियों के पक्के मकान नजीराबाद में हैं और उन्होंने यहाँ के कमरे किराए पर दे रखे थे।वर्तमान में अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया जारी है,जिसके बाद वाटिका के सौंदर्यीकरण और इसे अग्रवाल समाज को सौंपने की संभावना है।

चोरी के सामान की नगर निगम में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई

नगर निगम की सुस्ती के कारण बालकिशन दास वाटिका अब खंडहर में तब्दील हो चुकी है। चोरी गए सामान की एफआईआर दर्ज न होने से असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं,जिन्होंने दीवारें और गेट तक गायब कर दिए हैं। अब केवल खाली जमीन बची है। देखना होगा कि जिला प्रशासन इस बर्बादी पर क्या कड़ा कदम उठाता है।

13 से 18 मई तक लगाएं जाएंगे शिविर
शिविर लगाकर वसूली की तैयारी तेज

मैहर मंदिर समिति की दुकानों पर 7 करोड़ रुपयों से अधिक बकाया

ठेका छोड़कर जाने वाले ठेकेदारों को जारी होगी आरसीसी नोटिस

मैहर

मां शारदा देवी मंदिर प्रबंध समिति की वित्तीय व्यवस्था को लेकर बड़ा खुलासा सामने आया है। समिति के दस्तावेजों के अनुसार अप्रैल 26 तक विभिन्न मदों में कुल 7 करोड़ 94 लाख 45 हजार 478 रुपए की बकाया राशि दर्ज की गई है। यह बकाया वर्ष 2018 से अब तक का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक यह राशि केवल कुछ मदों तक सीमित नहीं है,बल्कि शॉपिगकॉम्प्लेक्स,प्रसाद,वाहनपार्किंग,यात्रीनिवास,कैंटीन,फोटोग्राफी,सामान गृह और शौचालय संचालन सहित दर्जनों ठेकों में करोड़ों रुपए फंसे हुए हैं। कई ठेकेदारों द्वारा आंशिक भुगतान किया गया,लेकिन वर्षों बाद भी पूरी राशि जमा नहीं कराई गई है। मंदिर समिति अब बकाया राशि की वसूली के लिए सख्त कदम उठाने की तैयारी में है। बताया जा रहा है कि जल्द ही विशेष शिविर लगाकर संबंधित ठेकेदारों और संचालकों से राशि वसूलने की कार्रवाई की जाएगी। इस मामले के सामने आने के बाद मंदिर समिति की कार्यप्रणाली और वित्तीय प्रबंधन पर भी गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। बताया गया है कि रिकार्ड के अनुसार शॉपिंग कॉम्पलेक्स का 2.52 करोड़ बकाया है इसके अलावा प्रसाद और अन्य व्यावसायिक मदों में भी लाखों रुपयों का प्रीमियम और मासिक किराया बकाया है।

बैठक में लिए गए निर्णय

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को कलेक्टर और समिति अध्यक्ष बिदिशा मुखर्जी की अध्यक्षता में हुई बैठक में लंबित किराया वसूली,यात्री सुविधाओं और मंदिर व्यवस्थाओं के लेकर महत्वपूर्ण निर्णण लिए गए थे। मंदिर समिति की आय का एक बड़ा हिस्सा ठेकों और किरायों से आता है लेकिन इनकी वसूली की गति बेहद धीमी है। बताया गया कि कुछ मामलों में तो टेंडर प्रक्रिया तक वसूली लंबित होने का उल्लेख है। इससे सवाल उठ रहे है कि अब तक सख्त कार्रवाई क्यों नहीं की गई। पुरुष शुलभ शौचालय,फोटो ग्राफी और अन्य संचालन ठेकों में आने वाली राशि अभी तक जमा नहीं किए गए है।

18 से 23 मई तक शिविर लगाकर होगी वसूली

समिति की प्रशासक के अनुसार वसूली करने के लिए 18 मई से 23 मई के बीच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह ठेका छोड़कर जाने वाले ठेकेदारों की आरसीसी नोटिस कर वसूली की जाएगी। समिति की ओर आयोजित कैंपो में दुकानदारों की नामांतरण और अन्य राजस्व संबंधी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। दस्तावेजों से जुड़ी औपचारिक कमियों को भी पूरा कराया जाएगा ताकि भविष्य में किराया वसूली में बाधा न आए।

इन ठेकों में लाखों की देनदार

बताया जा रहा है कि बंधा वाहन पार्किंग ठेका 25.27 लाख रुपए।दैनिक वाहन पार्किंग पद 58.38 लाख रुपए। यात्री निवास क्रमांक 2 का 99.97 रुपए बकाया है। यात्री निवास कैंटीन का 63.89 लाख रुपए बकाया है।

इनका कहना है-

कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी - कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी ने बताया कि नियमित रूप से किराया जमा करने वाले दुकानदारों को प्रोत्साहन देने का भी फैसला लिया गया है। ऐसे कॉम्पलेक्स और दुकानों में जनसुविधाओं का विकास किया जाएगा। मंदिर क्षेत्र में सड़क सहित अन्य विकास कार्य किए जाएंगे ताकि समय पर भुगतान करने वाले व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं मिल सके।

एसडीएम दिव्या पटेल- इस संबंध को लेकर एसडीएम दिव्या पटेल ने बताया है कि साल 2018 से लेकर अब तक विभिन्न मदों को मिलाकर करोड़ों बकाया है। इसी तरह अभी जो दुकानें या फिर ठेके वर्तमान में संचालित है उनका कुल जो बकाया राशि है 4 करोड़ 34 लाख रुपए है। यह भी बताया गया कि जो ठेके अब वर्तमान में संचालित नही है और जिनकी ठेका अवधि समाप्त हो चुकी है।जो ठेकेदार अब जा चुके है उनमें जो बकाया राशि है 3 करोड़ 59 लाख रुपए है। इनमें ऐसे भी ठेकदार है जो वर्तमान में ठेका संचालित नहीं कर रहे है उन पर भी करोड़ों रुपए बाकी है शिविर लगाकर राशि की वसूली की जाएगी और जो ठेकेदार चले गए उन्हें आरसीसी नोटिस जारी की जाएगी।

मजदूरी के दौरान मजदूर की मौत, सीने में दर्द की शिकायत

सतना। ग्राम सोनौरा में मकान निर्माण के दौरान एक दुखद घटना घटी। अपनी नानी के घर मजदूरी करने आए युवक सत्यम कोल की अचानक तबीयत बिगड़ गई। काम के दौरान अचानक सत्यम के सीने में तेज दर्द उठा। साथी मजदूर उसे तत्काल सिविल अस्पताल अमरपाटन ले गए। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच जारी है।

खबर संक्षेप

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी आज पन्ना में

पन्ना। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी 11 मई को पन्ना जिले के भ्रमण पर रहेंगे। जिले की अराजक स्थिति से अवगत होंगे पन्ना जेल में बंद कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी भरत मिलन पांडे तथा समाज सेवी अमित भटनागर से मुलाकात करेंगे तथा रूंज एवं मझगाय डैम में विस्थापन के मामले को लेकर आंदोलनकारियों से मुलाकात करेंगे। सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से उनके साथ शामिल होने का अनुरोध किया गया है। वह 11 बजे पन्ना पहुंचेंगे।

पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे के बड़े भ्राता का दुःखद निधन, बरमान घाट में हुआ अंतिम संस्कार

पन्ना। पन्ना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे के बड़े भ्राता लक्ष्मीकांत दुबे उम्र 70 वर्ष का सागर में 8 मई को दुखद निधन हो गया था। जिनका अंतिम संस्कार मां नर्मदा किनारे बरमान घाट में 9मई को हिंदू रीति रिवाज के अनुसार किया गया। लक्ष्मीकांत दुबे पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे के मझले भाई थे वह ग्रामीण बैंक में ब्रांच मैनेजर के पद पर सेवाएं देते हुए सेवानिवृत हो गए थे। जो सागर में परिवार सहित निवास रत थे। उनके निधन पर पन्ना नगर में शोक का माहौल कायम है नगर के जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों पत्रकारों साहित्यकारों ने गहन शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पीड़ित परिवार को ईश्वर से संबल प्रदान करने की कामना की।

चार पहिया वाहन ने मारी जोरदार टक्कर पुलिस आरक्षक गंभीर घायल

पन्ना। पन्ना जिले की मझगवा पुलिस चौकी में पदस्थ आरक्षक समर सुमेर सिंह अपने सरकारी कार्य से मोटरसाइकिल से पन्ना से वापिस आ रहे थे। इस दौरान स्मृति वन के पास चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए। तथा चार पहिया वाहन भी क्षतिग्रस्त हुआ है तत्काल आरक्षक समर सिंह को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है जहां पर उनका इलाज चल रहा है टक्कर मारने वाले वाहन के खिलाफ पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

जल संरक्षण पद्धतियों की उपयोगिता बताई तथा जनभागीदारी की आवश्यकता पर दिया जोर

वन विभाग पन्ना द्वारा "भूजल संरक्षण कार्यों के माध्यम से वनों की उत्पादकता बढ़ाने" विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का समापन

पन्ना। मध्यप्रदेश शासन के वन विभाग पन्ना द्वारा "भूजल संरक्षण कार्यों के माध्यम से वनों की उत्पादकता बढ़ाने" विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का समापन 7 मई 2026 को किया गया। कार्यशाला का आयोजन पन्ना टाइगर रिजर्व के हिनौता स्थित व्याख्यान केन्द्र एवं अजयगढ़ क्षेत्र में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वन क्षेत्रों एवं नदी तटों में भूजल संरक्षण कार्यों की आवश्यकता, जल संरचनाओं के वैज्ञानिक निर्माण, रखरखाव तथा जल संवर्धन संबंधी तकनीकी जानकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रदान करना रहा। कार्यशाला के प्रथम दिवस में विषय विशेषज्ञ एवं सेवानिवृत्त पीसीसीएफ आर. के. श्रीवास्तव ने भूजल संरक्षण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने जल संरक्षण विशेषज्ञ अनुपम मिश्र द्वारा लिखित पुस्तक "आज भी खरे हैं तालाब" का उल्लेख करते हुए पारंपरिक जल संरक्षण पद्धतियों की उपयोगिता बताई तथा जनभागीदारी की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय समुदाय की सक्रिय सहभागिता से ही जल संरक्षण के प्रयास प्रभावी एवं दीर्घकालीन बनाए जा सकते हैं। कार्यक्रम में बी. आर. फूकन (रिसर्चर) द्वारा "वन क्षेत्रों में निर्मित जल संरचनाओं की जल गुणवत्ता का आकलन" विषय पर जानकारी दी गई। उन्होंने जल गुणवत्ता परीक्षण की विभिन्न विधियों जैसे सैंपल कलेक्शन, पीएच स्तर जांच आदि के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही वन क्षेत्रों में निर्मित जल संरचनाओं एवं जलाशयों के प्रभावी प्रबंधन हेतु नियमित मॉनिटरिंग, वेस्ट मैनेजमेंट एवं कम्युनिटी अवेयरनेस प्रोग्राम

संचालित करने की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई। इसी क्रम में सेवानिवृत्त सहायक वन संरक्षक रवीन्द्र सिंह ने भूजल संरक्षण हेतु निर्मित की जाने वाली विभिन्न संरचनाओं जैसे कंटूर ट्रेंच, बंड्स एवं परकोलेशन टैंक आदि के निर्माण एवं उपयोगिता के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि इन संरचनाओं के माध्यम से वर्षा जल का संरक्षण कर भूजल स्तर में वृद्धि की जा सकती है, जिससे वन क्षेत्रों की उत्पादकता बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

तालाब पुनर्जीवन के तरीके बताए। कार्यशाला के द्वितीय दिवस में सेवानिवृत्त पीसीसीएफ आर. के. श्रीवास्तव द्वारा अजयगढ़ क्षेत्र में फील्ड विजिट किया गया। इस दौरान मौके पर निर्मित पारंपरिक तालाबों के पुनर्जीवन (रिजुविनेशन) के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी गई तथा नए परकोलेशन टैंक एवं तालाब निर्माण संबंधी आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। फील्ड भ्रमण के दौरान कंटूर ट्रेंच निर्माण से जुड़े तकनीकी बिंदुओं जैसे भूमि की ढाल, जल प्रवाह की दिशा एवं स्थल चयन पर विशेष ध्यान देने के संबंध में भी अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी गई।

इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में मुख्य वन संरक्षक छतरपुर वृत्त नरेश सिंह यादव, डीएफओ दक्षिण पन्ना अनुपम शर्मा, डीएफओ उत्तर पन्ना धीरेंद्र प्रताप सिंह, आईएफएस, उपवनमंडलाधिकारी विश्रामगंज अंशुल तिवारी, उपवनमंडलाधिकारी पन्ना कृष्णा मरावी, एसीएफ प्रशिक्षु प्रभांशु कमल मिश्रा, वन परिक्षेत्राधिकारी पन्ना अजय बाजपेयी, वन परिक्षेत्राधिकारी अजयगढ़ पंकज दुबे, वनपरिक्षेत्राधिकारी धरमपुर वैभव सिंह चंदेल, वनपरिक्षेत्राधिकारी विश्रामगंज नितिन राजौरिया, वनपरिक्षेत्राधिकारी देवेन्द्रनगर शुभम तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

श्रेष्ठ संस्कारों की जननी है मां, ब्रह्माकुमारी

नारी अपनी जिम्मेवारी को समझेः ब्रह्माकुमारी

पन्ना। ब्रह्माकुमारी विद्यालय पन्ना के द्वारा अमानगंज में मातृ दिवस पर एक आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया मां सुखी परिवार की आधारशिला,विषय पर संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी बहन ने कहा कि आज बहुत महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि आज हम उस शक्ति,ममता और उस त्याग को प्रणाम करने के लिए एकत्रित हुए हैं जिसे हम मां कहते हैं, मां केवल एक शब्द नहीं है बल्कि प्रेम करुणा, त्याग और भगवान का जीवंत स्वरूप है संसार में यदि कोई बिना स्वार्थ के प्रेम करता है तो वह सिर्फ मां ही है। मां और मातृभूमि स्वर्ग से भी महान है एक सच्ची आदर्श मां बनाकर बच्चों की पालना के साथ-साथ उनमें श्रेष्ठ संस्कारों का सृजन करें क्योंकि मां चाहे तो बच्चों को बचपन से ही श्रेष्ठ संस्कार जो बड़े होकर वह अपने जीवन के हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकें। आज हर एक मां की जिम्मेवारी है कि वह अपने बच्चों में ऐसे श्रेष्ठ महान, पवित्र,दिव्य संस्कारों का बीजारोपण करें जिससे समाज में आज जो विकृतियों घटनाएं हो रही हैं उनको रोका जा सके। हर नारी के ऊपर हर मां के ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है इसलिए मां को भगवान का दूसरा रूप कहा जाता है मां को गुरु की भी उपाधि दी गई है तो अपने स्वरूप को पहचान कर हम समाज को आदर्श समाज,मूल्यवान समाज बनाने में सहयोग प्रदान करें अपने परिवार को अपने बच्चों को श्रेष्ठ संस्कार आरोपित करने में अपना समय देकर बच्चों को आदर्शवान, चरित्रवान, व्यसन मुक्त बनाकर मूल्यवान समाज बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। आज सभी संकल्प करेंगे कि हम अपनी मां की भावनाओं को समझेंगे उनका सम्मान करेंगे यही सबसे बड़ा मां के लिए उपहार है।

मातृ दिवस के दिन दुख का टूटा पहाड़ मां के ऊपर, तालाब में डूबने से 5 वर्षीय मासूम की हुई मौत

पन्ना। शाहनगर तहसील अंतर्गत ग्राम तिदुनी में गांव के अमुहाई तालाब में एक 5 वर्षीय मासूम की पानी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मासूम खेलते-खेलते तालाब तक जा पहुंचा और गहरे पानी में डूब गया। घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को लगी, परिवार के लोग आनन-फानन में बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहनगर लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने जांच के बाद मासूम को मृत घोषित कर दिया। गांव के सरपंच रवेंद्र कुमार मिश्रा ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि मृतक मासूम का नाम कार्तिक पिता अनिल यादव था और उसकी उम्र लगभग 5 वर्ष थी। दोपहर करीब 12 बजे यह हादसा हुआ। उस समय तालाब के आसपास कोई मौजूद नहीं था, जिसके चलते समय पर बच्चे को बचाया नहीं जा सका। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल पूरे क्षेत्र में इस दर्दनाक घटना को लेकर शोक का माहौल बना हुआ है।

बैरंग लौटे बाराती, शाहनगर पुलिस जांच में जुटी

साली की लगुन लेकर आए दामाद के साथ मारपीट, गुस्साए लोगों ने नहीं चढ़ाई लगुन

पन्ना। थाना शाहनगर क्षेत्र अंतर्गत करोंदी गांव में 9 मई की रात उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब साली की लगुन लेकर आए दामाद के साथ ससुराल पक्ष के लोगों ने मारपीट कर दी। विवाद इतना बढ़ा कि गुस्साए ग्रामीणों और रिश्तेदारों ने लगुन चढ़ाने से इनकार कर दिया और बारात बैरंग लौट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार परषोत्तम वंशकार पिता कल्लू वंशकार, 27 वर्ष निवासी रैगुंवा थाना सुनवानी जिला पन्ना, हाल निवास घंघरी कलां थाना कटनी, अपने ससुर कोमल बसोर निवासी घंघरी कलां के साथ थाना शाहनगर में उपस्थित होकर जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराई। परषोत्तम ने बताया कि ष्मैं अपनी साली कृष्णा बाई की लगुन लेकर अपने सगे-संबंधियों सहित 30 लोगों के साथ रात 10 बजे करोंदी पहुंचा था। नाते-रिश्तेदारों की खातिरदारी के साथ भोजन भी हुआ। इसके बाद घर के बने चबूतरे पर हम सभी लोग लगुन की आगे की प्रक्रिया को लेकर आपसी बातचीत कर रहे थे। करीब 12:30 बजे रात को चबूतरे पर बैठने की बात को लेकर विवाद हो गया। जिस लड़के के साथ मेरी साली का संबंध तय होना था, करोंदी निवासी महेन्द्र बसोर ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर महेन्द्र बसोर और उसके साथियों ने मेरे साथ लात-घूंसों और लाठी से मारपीट कर दी।

लगुन नहीं चढ़ी, बेरंग लौटे

मारपीट से नाराज दामाद पक्ष के लोग और साथ आए 30 बाराती भड़क गए। उन्होंने लगुन की रस्म निभाने से साफ इनकार कर दिया और सारा सामान लेकर रात में ही वापस लौट गए। गांव में देर रात तक हंगामे की स्थिति बनी रही।

इनका कहना है -

शाहनगर थाना प्रभारी परसुराम डाबर ने बताया, ष्पीड़ित परषोत्तम वंशकार की शिकायत पर आरोपी महेन्द्र बसोर एवं अन्य के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है। दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

चिताओं के सत्याग्रह ने एक बार फिर प्रशासन की चिंता बढाई

अमित भटनागर की रिहाई की जिद, हमारी कब्र बनेगी यह परियोजना

केन बेतवा लिंक परियोजना अतर्गत ढोढन डेम की जमीन पर एक बार फिर चिताओं पर सत्याग्रह को लेकर महिलायें सांकेतिक रूप से लकड़ियों की चिता बनाकर लेटी, प्रशासन की फिर सं बढी चिंता महिलाओं की जिद अमित भटनागर को करो रिहाहमारी कब्र बनेगी यह परियोजना, अब समझौता नहीं सीधे कार्यवाही की मांग, ग्रामीणों की मांग अमित भटनागर को रिहा करो या हमें अग्नि के हवाले करो

पन्ना।

पन्ना से दिल दहला देने वाली तस्वीरें सामने आ रही हैं। केन-बेतवा लिंक परियोजना के केंद्र धोड़न डैम पर आज प्रशासन की रूह तब कांप गई जब हजारों आदिवासियों ने वहां अपनी चिताएं सजा लीं। यह महज प्रदर्शन नहीं, बल्कि जल-जंगल-जमीन के लिए श्सामूहिक आत्मदाह की चेतावनी है।

धोड़न डैम की जमीन पर मौत का तांडव या न्याय की गुहार?

आंदोलन के तीसरे दिन, प्रदर्शनकारी ँ कार्यालय से कूच कर सीधे धोड़न डैम पहुंच गए हैं। यहाँ दर्जनों चिताएं सजाई गई हैं, जिन पर आदिवासी महिलाएं अपने दुधमुंहे बच्चों को लेकर लेट गई हैं। उनकी आंखों में आंसू नहीं, बल्कि प्रशासन के प्रति गहरा आक्रोश है। प्रमुख घटनाक्रमरू अब समझौता नहीं, सीधे कार्रवाई की मांग

चिताओं पर सत्याग्रह सैकड़ों महिलाएं और किसान धोड़न डैम की उसी जमीन पर चिताओं पर लेटे हैं, जिसे उनसे छीना जा रहा है। उनका कहना है कि ष्प्रशासन हमें उजाड़ने से पहले इन्हीं चिताओं पर जला दे। अमित भटनागर की रिहाई की जिदरू ग्रामीणों का एक ही नारा गूंज रहा हैकृ ष्अमित भटनागर को रिहा करो, या हमें अग्नि के हवाले करो। प्रशासनिक सन्नाटारू इतनी बड़ी घटना के बावजूद उच्च अधिकारियों का मौके पर न पहुंचना आदिवासियों के गुस्से को और भड़का रहा है।

हमारी कब्र पर बनेगी यह परियोजना

आंदोलन का नेतृत्व कर रहीं दिव्या अहिरवार ने चिताओं के पास से गरजते हुए कहा यह सरकार बहरी हो चुकी है। धोड़न डैम की नीवं हमारे पूर्वजों की हड्डियों पर रखी जा रही है। अगर अमित भटनागर की रिहाई और विस्थापितों के हक की बात नहीं हुई, तो आज इन चिताओं से उठने वाला धुआं इस सरकार की विदाई का संकेत होगा।ष

ग्राउंड जीरो के हालात

मौके पर हजारों की भीड़ मौजूद है। गांव-गांव से लोग पैदल चलकर धोड़न डैम पहुंच रहे हैं। पुलिस बल की तैनाती तो है, लेकिन आदिवासियों के श्बलिदानश वाले जज्बे के आगे प्रशासन बेबस नजर आ रहा है। चेतावनी पन्ना का यह संघर्ष अब केवल एक बांध का विरोध नहीं रहा, बल्कि आदिवासियों के अस्तित्व की लड़ाई बन चुका है। यदि जल्द ही संवाद नहीं हुआ, तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो सकती है।

शाहनगर स्थानीय मीडिया और जिला प्रशासन की तत्परता से 4 छात्राओं का बचाया गया भविष्य

पन्ना। जिले में आयोजित 12वीं द्तीय अवसर की बोर्ड परिक्षाओं के दौरान बीते रोज 9 मई शनिवार को 4 छात्रायें गल्तीवश निर्धारित परीक्षा केन्द्र शासकीय आर. पी. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पन्ना के स्थान पर जिले के परिक्षा केन्द्र शाहनगर संदीपनी विद्यालय निर्धारित समयानुसार पहूंच गई थीं। जिससे उनके परिक्षा से वंचित रहने की स्थिति बन गई। ऐसी स्थ्ती मे छात्राओं ने परिक्षा से वंचित होने की स्थिति में स्थानीय मीडिया को दी जानकारी लगते ही पत्रकार दीपक शर्मा मदन तिवारी और जितेन्द्र दुबे सहित मिडिया के साथी पहूचे और इस महत्वपूर्ण कार्य को गंभीरता से लेते हुये तत्काल पन्ना कलेक्टर श्रीमति उषा परमार को अवगत कराया जिस पर पन्ना कलेक्टर श्रीमति परमार और जिला प्रशासन ने तत्काल संवेदनशीलता और तत्परता दिखाते हुये आवश्यक समन्यवय स्थापित किया जिस प्रशासन के तवरित हष्तक्षेप एवं संबंन्धित अधिकारियों के सहयोग से चारों छात्राओं में सुभांगी चौधरी,वर्षा चौधरी, पार्वती चौधरी, एवं संध्या चौधरी को शाहनगर परिक्षा केन्द्र मे परिक्षा देने की अनूमति दिलाई गई। इसके बाद छात्रायें सफलतापूर्वक परिक्षा में सम्मिलीत हो सकीं इस मानवीय पहल और तवरित निर्णय से न केवल 4 छात्राओं का एक महत्वपूर्ण वर्ष बच गया बल्कि प्रशासन की छात्र हितैषी कार्यशैली भी सामने आई। अविभावकों एवं स्थानिय नागरिकों ने पन्ना कलेक्टर महोदया एवं शाहनगर स्थानीय मीडिया को विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशील पहल बताया है। जिला प्रशासन ने विद्यार्थियों से अपील की है की परिक्षा केन्द्र से संबंन्धित आवश्यक दस्तावेज पूर्व से ही जांच ले जिससे ऐसी परिस्थितियां सामने न आयें मामले की जानकारी लगते ही स्थानीय शिक्षा विभाग भी शिरकत मे आया शाहनगर विकासखंन्ड अधिकारी डॉ0 रागनी तिवारी ने भी छात्राओं की जानकारी संबंन्धीत क्रेन्द्राअध्यक्ष से ली गई।

इनका कहना है -

मुझे जानकारी लगी थी की सभी 4 छात्राये जिनका प्रवेश पत्र में पन्ना परिक्षा केन्द्र अंकित का था इसलिये मेने अनूमति नही दी जब शाहनगर के स्थानिय पत्रकारों ने मुझे जानकारी थी। मेने मामले की जानकारी पन्ना वरिष्ट कार्यालय को दी तब मेने सभी 4छात्रों को परिक्षा मे बैठाया पर अगला पेपर छात्राये पन्ना परिक्षा केन्द्र मे ही देगी।

महेन्द्र यादव, परीक्षा केन्दाअध्यक्ष संदीपनी विद्यालय शाहनगर

नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन

एक करोड़ से अधिक की अवार्ड राशि पारित

पन्ना। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार विगत दिवस 9 मई को जिला न्यायालय पन्ना सहित न्यायालय पवई एवं अजयगढ़ में नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष शरत चन्द्र सक्सेना द्वारा मां वीणावादिनी एवं महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय रूपेश शर्मा, विशेष न्यायाधीश एवं नोडल अधिकारी नेशनल लोक अदालत प्रदीप कुशवाह, जिला न्यायाधीश सुरेन्द्र मेश्राम एवं अरविन्द शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजकुमार गौड़, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रीतिका पाठक मिश्रा, जेएमएफसी बिन्दु पटेल, इकरा मिन्हाज, भूपेन्द्र सिंह, कृष्णा वोहरा, प्रशिक्षु न्यायाधीश रोहित जैन, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ राजेश तिवारी, जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन, वरिष्ठ अधिवक्ता रमेशचन्द्र तिवारी, सुरेन्द्र सिंह परमार, रामनारायण श्रीवास्तव, सचिव अधिवक्ता संघ उदय त्रिपाठी, अधिवक्ता महेश पटेल, लीगल एड डिफेंस काउंसिल चीफ आनंद त्रिपाठी, डिप्टी चीफ करन सिंह एवं पवन कुमार पाण्डेय, असिस्टेंट विजयलक्ष्मी, रोहित नायक, शशांक चतुर्वेदी, अन्य अधिवक्तागण तथा प्राधिकरण के कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। शुभारंभ अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश श्री सक्सेना ने लोक अदालत में राजीनामा योग्य अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण कर पक्षकारों को लंबी न्यायिक प्रकिया से मुक्त करवाने का प्रयास करने का आव्हान किया व नेशनल लोक अदालत के सफल होने संबंधी शुभाशीष दिया। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के राजीनामा के माध्यम से निराकरण हेतु जिला न्यायालय पन्ना में 8 खण्डपीठ व तहसील न्यायालय पवई में 4 तथा तहसील न्यायालय अजयगढ़ में 1 खण्डपीठ अर्थात कुल 13 खण्डपीठ का गठन किया गया था। इस मौके पर लंबित प्रकरणों के निराकरण के साथ ही प्रीलिटिगेशन के कुल 251 प्रकरणों का निराकरण किया गया एवं कुल समझौता राशि 27 लाख 95 हजार 542 रूपए एवं लंबित प्रकरणों के कुल 152 प्रकरणों का निराकरण किया जाकर कुल समझौता राशि एक करोड़ 4 लाख 9 हजार 487 रूपए कुल एक करोड़ 32 लाख 5 हजार 29 रूपए की अवार्ड राशि पारित की गई। इस दौरान कुल 983 लोग लाभांवित हुए।

समझाईश के बाद पति-पत्नि साथ रहने हुए राजी

राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर न्यायालय प्रथम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश पन्ना में लंबित प्रकरण क्रमांक आरजेएसएस 104/2025, विशाल प्रजापति बनाम वृत्ति देवी अंतर्गत धारा 9 हिन्दु विवाह अधिनियम 1955 दाम्पत्य अधिकारों की पुनर्स्थापना से संबंधित प्रकरण का सौहार्दपूर्ण निराकरण किया गया। प्रकरण में आवेदक विशाल प्रजापति उम्र 32 वर्ष, निवासी वार्ड कमांक 5, सदर बाजार, अजयगढ़ तथा अनावेदिका वृत्ति देवी उम्र 26 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 5, सदर बाजार, अजयगढ़ हाल निवासी ग्राम पीठ, पोस्ट एवं तहसील गौरिहार जिला छतरपुर के मध्य वैवाहिक मतभेद उत्पन्न हो गए थे,

जिसके कारण दोनों अलग-अलग रह रहे थे। लोक अदालत के दौरान दोनों पक्षकारों को समझाईश दी गई तथा आपसी संवाद एवं काउंसलिंग के माध्यम से पति-पत्नी के बीच उत्पन्न गलतफहमियों को दूर करने का प्रयास किया गया। समझाईश के दौरान दोनों पक्षों ने अपने वैवाहिक संबंध को बनाए रखने तथा पुनः साथ रहकर जीवन यापन करने की इच्छा व्यक्त की। पक्षकारों के मध्य आपसी सहमति से समझौता संपन्न हुआ, जिसमें पति द्वारा पत्नी के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करने, उसकी आवश्यकताओं का ध्यान रखने एवं पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करने का आश्वासन दिया गया। वहीं पत्नी द्वारा भी पति के साथ सौहार्दपूर्ण ढंग से वैवाहिक जीवन व्यतीत करने की सहमति प्रदान की गयी। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से एक पारिवारिक विवाद का शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण निराकरण हुआ तथा एक परिवार को पुनः एकजुट करने में सफलता प्राप्त हुई। यह प्रकरण राष्ट्रीय लोक अदालत की उस भावना को प्रदर्शित करता है, जिसमें आपसी संवाद, समझाईश एवं सहमति के माध्यम से रिश्तों को बचाने और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का प्रयास किया जाता है। एक अन्य प्रकरण में भी टूटे रिश्तों की लोक अदालत में नई शुरुआत हुई और दंपत्ति का भविष्य संवरा। यह प्रकरण अपर जिला न्यायाधीश पन्ना के न्यायालय में विचाराधीन था। प्रकरण में आवेदक संतोष चौधरी उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम सिमरिया, तहसील सिमरिया द्वारा अपनी पत्नी राधा चौधरी उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम सुहागी तहसील गुनौर के विरूद्ध हिन्दु विवाह अधिनियम की धारा 9 के अंतर्गत दाम्पत्य अधिकारों की पुनर्स्थापना हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। इनका विवाह 9 मई 2025 को हिन्दु रीति-रिवाज के अनुसार संपन्न हुआ था। विवाह के कुछ समय पश्चात पति-पत्नी के मध्य आपसी मतभेद उत्पन्न हो गए थे, जिसके कारण दोनों अलग-अलग रहने लगे। पारिवारिक परिस्थितियों एवं आपसी विवादों के चलते मामला न्यायालय तक पहुंच गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर दोनों पक्षों को समझाईश दी गई तथा उन्हें संवाद एवं पारिवारिक मूल्यों के महत्व से अवगत कराया गया। न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रयासों से दोनों पक्षों के बीच सकारात्मक चर्चा हुई। समझाईश के उपरांत पति-पत्नी ने आपसी मनमुटाव भुलाकर साथ रहने एवं अपने वैवाहिक जीवन को पुनः सुखमय बनाने की सहमति प्रदान की। लोक अदालत में दोनों पक्षों के मध्य राजीनामा संपन्न हुआ, जिसके आधार पर प्रकरणों का सौहार्दपूर्ण निराकरण किया गया। इस अवसर पर दोनों परिवारों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की तथा न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रति आभार व्यक्त किया।

किशोर सागर तालाब उगल रहा लाशें, फिर मिली एक लाश

छतरपुर।

सिटी कोतवाली अंतर्गत स्थित किशोर सागर तालाब में एक पखवाड़े के अदंर दूसरी लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। जिससे अब लोग चर्चा करने लगे है कि किशोर तालाब भी लाशें उगल रहा है। रविवार की सुबह राहगीरों ने किशोर सागर तालाब में किनारें पर एक युबक का शव तैरतें हुए देखा जबकि किशोर सागर तालाब इन दिनों जलकुंभी से पटा हुआ है। इसके बावजूद भी लाश तक लोगों की नजर पहुंच गई और तत्काल इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई। जानकारी लगते ही कोतवाली का पुलिस बल नगरपालिका की टीम लेकर मौके पर पहुंचा और राहगीरों की मदद से युवक के शव को तालाब से बाहर निकाला गया। लेकिन शव से इतनी बदबू आ रही थी और वह फूल गया था जिससे आसपास खड़े होना मुश्किल पड़ रहा था। शव की हालत देखकर अंदाजा लगाया जा रहा था कि यह कई दिन पुराना हो सकता है फिलहाल शव की शिनाख्त सज्जन बंशकार उम्र 35 बर्ष निवासी बेनीगंज मुहल्ला छतरपुर के रूप में की गई है। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा वही टीआई सतीश सिंह का कहना है कि रविवार की सुबह जानकारी प्राप्त हुई थी कि किशोर तालाब में एक अज्ञात व्यक्ति का शव तैर रहा है जब शव को निकाला गया तो उसकी पहचान सज्जन बंशकार निवासी बेनीगंज मुहल्ला के रूप में हुई। टीआई ने बताया कि परिजनों द्वारा अभी कुछ इस संबंध में बताया नहीं गया है फिलहाल शव की स्थिति को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि सुसाइड होगा फिर पीएम रिपोर्ट में क्या स्पष्ट होता

है। अभी मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है और परिजनों से भी इस संबंध में पूछताछ की जाएगी मृतक युवक कब से गायब था। इसके एक पखबाड़े पहले फौलादी कलम मार्ग चेतगिरी कॉलोनी निवासी प्रभुप्रकाश खरे उम्र 65 वर्ष की लाश तालाब में मिली थी वह स्वास्थ्य विभाग का सेवानिवृत कर्मचारी था और डिप्रेशन में था इसलिए तालाब में छलांग लगा ली थी। बाद में उसका शव तालाब से निकाला गया था इसके पहले भी किशोर सागर तालाब में कई लोगों के शव मिल चुके है।

उखड़ी सड़कें टूटे डिवाईडर यातायात में बने बाधक, दुर्घनाओं को दे रहे न्यौता, जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक

छतरपुर। महाराजा छत्रसाल की नगरी छतरपुर जिसे जिला मुख्यालय का दर्जा प्राप्त है और यहां से अतर्राज्जीय सीमाओं के लिए आवागमन होता है। लेकिन जिला मुख्यालय छतरपुर की सड़कें देखकर ऐसा नहीं लगता कि यह जिला मुख्यालय है क्योंकि शहर की सड़कें जो हाईवे से जुड़ी हुई है उनकी हालत देखकर गांव की पगडड़ी रास्ताओं की याद आ जाती है देरी रोड़ से लेकर आकाशवाणी तिराहा और आकाशवाणी तिराहें से लेकर क्रिश्चियन स्कूल नौगांव रोड़ फुब्बारा चौक से महोबा रोड़ महतो पेट्रोल पम्प तक और आकाशवाणी तिराहे से रेल्वे स्टेशन तक की सड़के देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि जिम्मेदार अधिकारी सड़कों की मरम्मत और रखरखाब के प्रति कितने संवेदनशील है। शासन द्वारा प्रतिबर्ष लोक निर्माण विभाग को सड़कों की मरम्मत और डामरीकरण के लिए करोड़ो रूपए का बजट उपलब्ध कराया जाता है लेकिन देखा जा रहा है कि शहर की सड़कों का डामरीकरण पिछले कई महीनों से नही हुआ है। बारिश के कारण यह सड़कें पूरी तरह से उखड़ चुकी है और साथ ही ऊबड़ खाबड़ स्थिति में पहुंच गई है जिससे आये दिन दो पहिया वाहन चालक का बैलेंस बिगड जाता है और वह दुर्घटना का शिकार भी हो जाता है। चार पहिया वाहन भी जो तेज रफ्तार से निकलते है वह भी खराब सड़कों के कारण असंतुलित होकर पलट जाते है। अभी बीते रोज कल्याण मण्डप के सामने जबाहर रोड़ में एक तेज रफ्तार कार असंतुलित होकर पलट गई और उसके चारों पहिए ऊपर हो गए हालांकि कार के अंदर बैठे लोगों को कांच तोड़कर निकालना पड़ा।

महोबा रोड़ के हाल-बेहाल -

महोबा रोड़ में नगर पालिका द्वारा केन्द्रीय विद्यालय तक डिवाईडर का निर्माण कराया गया। लेकिन सड़क की दुर्दशा पर ना तो नगर पालिका ने ध्यान दिया और ना ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने ध्यान दिया। जिससे आज स्थिति यह हो गई है कि आरटीओ कार्यालय के आगे महोबा रोड़ में जान लेवा गढ्ढे बन चुके है। जिससे छोटे वाहन तो दूर बड़े वाहनों को भी निकलने में खतरा बना रहता है। कई बार आरटीओ ऑफिस के आगे इन गड्ढों के कारण ई-रिक्शा पलट चुके है। इसी तरह शहर की सभी सड़कें ऊची नीची हो चुकी है जिस कारण ई-रिक्शा चालक का बैलेंस बिगड़ जाता है। दो माह बाद बारिश का सीजन आने वाला है लेकिन इसके पहले सड़कों का डामरीकरण जरूरी था लेकिन कुंभकरणी नींद में सोए हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारी शायद बारिश का ईंतजार कर रहे है कि कब बारिश आए और वह सड़कों का डामरीकरण के नाम पर खानापूर्ति करके करोड़ों के बजट को ठिकानें लगा दें।

जगह जगह टूटे डिवाईडर -

नगर पालिका द्वारा बिना किसी तकनीकी ज्ञान के महोबा रोड़ और नौगांव रोड़ में तथा पन्ना रोड़ में डिवाईडरों का निर्माण कराया गया था लेकिन यह डिवाईडर शुरू से ही विवादों में रहे क्योंकि डिवाईडर बनाते समय आवश्यक चीजों का ध्यान नहीं रखा गया। पहले सड़क किनारे के अतिक्रमण हटाए जाने चाहिए थे इसके बाद डिवाईडर बनना चाहिए था। आकाशवाणी तिराहे से लेकर नौगांव रोड़ क्रिश्चियन स्कूल तक बना डिवाईडर कई लोगों की जाने ले चुका है। आये दिन इन डिवाईडर पर वाहन टकराते है और जगह जगह से डिवाईडर टूट भी चुका है। लेकिन इसके बावजूद भी नगर पालिका ने आज तक मरम्मत कराने की हिम्मत नही जुटाई है। टूटे फूटे डिवाईडर शहर की सुंदरता को भी प्रभावित कर रहे है और आये दिन दुर्घनाओं को जन्म दे रहे है।

खबर संक्षेप

4 किमी सड़क गड्ढों में तब्दील, हादसे का खतरा

उमरियापान। उमरियापान–सिहोरा मार्ग पर पचपेढ़ी से मंगली तक करीब 4 किलोमीटर सड़क पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह बड़े और गहरे गड्ढे होने से राहगीरों एवं वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खराब सड़क के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है और दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि दोपहिया वाहन चालक अक्सर गड्ढों में फंसकर गिर जाते हैं। सड़क जर्जर हो जाने से आने वाले दिनों में समस्या और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण, किसान, विद्यार्थी और मरीज आवागमन करते हैं, लेकिन खराब सड़क के कारण उन्हें समय और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार स्कूली बच्चों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार एंबुलेंस और छोटे वाहन भी गड्ढों के कारण धीमी गति से चलने को मजबूर होते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ दिनों पहले सड़क की मरम्मत के नाम पर लीपापोती की थी।आधी अधूरी सड़क पर मरम्मत का कार्य कराया था। पकरिया में सिलपरा नदी के पुल के पास तो ज्यादा गढ्ढे हैं। जहा पर सड़क का सुधार नहीं कराया गया। यहाँ पर अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है।

महानदी में नहाने गया किशोर डूबा, तलाश जारी

कटनी। बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत सुड्डी महानदी पुल के पास संगम घाट पर अपने दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया 15 वर्षीय किशोर गहरे पानी में समा गया। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुँची और बालक की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। जानकारी के अनुसार बरही थाना अंतर्गत ग्राम सिमरिया सानी निवासी अनुपम गुप्ता 15 वर्ष शुक्रवार शाम करीब 4:00 बजे अपने दोस्तों के साथ महानदी के संगम घाट पर नहाने गया था। नहाने के दौरान अनुपम अचानक गहरे पानी की ओर चला गया और डूबने लगा। साथ आए दोस्तों ने शोर मचाया और तत्काल परिजनों व ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। घटना की खबर मिलते ही मौके पर ग्रामीणों और परिजनों की भीड़ जमा हो गई। शुरुआत में ग्रामीणों ने अपने स्तर पर तलाश शुरू की लेकिन पानी गहरा होने के कारण उन्हें सफलता नहीं मिली। बड़वारा थाना प्रभारी के.के. पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे और स्थिति का जायजा लिया। साथ ही NDRF की टीम को बुलाया गया। NDRF की टीम रात करीब 11:00 बजे मौके पर पहुँची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी के भीतर और बहाव की दिशा में बालक की सघन तलाश शुरू की। थाना प्रभारी के.के. पटेल ने बताया कि बालक के महानदी में डूबने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल सक्रिय हो गई थी। रात के अंधेरे के बावजूद सर्च लाइट की मदद से तलाशी अभियान जारी रखा गया।

हरिद्वार-ऋषिकेश यात्रा अब 3 से 6 जुलाई तक

कटनी। 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना' के अंतर्गत हरिद्वार-ऋषिकेश की तीर्थ यात्रा हेतु आवेदन की अंतिम तिथि और यात्रा तिथि में संशोधन किया गया है। कटनी जिले के वरिष्ठ नागरिक अब 25 जून तक निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि 3 मई निर्धारित की गई थी। अब यह यात्रा 3 जुलाई से 6 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। पूर्व में यह यात्रा 11 मई से 14 मई तक आयोजित की जानी थी। यात्रा हेतु विशेष ट्रेन दमोह से प्रारंभ होकर कटनी, सतना होते हुए हरिद्वार जाएगी और इसी मार्ग से वापस लौटेगी। इस यात्रा के लिए कटनी जिले को कुल 262 सीटें आवंटित की गई हैं।

पत्नी ने ससुराल जाने से किया मना, तो जुआरी पति ने थाने के सामने पी ली जहरीली डाई

चंदला।

पारिवारिक कलह और नशे की लत ने एक युवक को आत्मघाती कदम उठाने पर मजबूर कर दिया। चंदला थाना क्षेत्र के गुधौरा निवासी कंधी अनुरागी ने अपनी पत्नी रामकुंवर के ससुराल न जाने की जिद से आहत होकर जहरीली डाई पी ली। युवक ने जहर पीने के बाद थाने पहुंचकर पुलिस पर दबाव बनाने का प्रयास किया, लेकिन थाना प्रभारी श्रद्धा शुक्ला की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जिससे उसकी जान बच गई।

शराब और जुए की लत बनी विवाद की जड़

जांच में सामने आया है कि कंधी अनुरागी शराब और जुए का आदी है। उसकी पत्नी रामकुंवर ने आरोप लगाया कि पति अक्सर जुए में पैसे हारकर घर आता है और शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता है। इसी प्रताडन्ना से तंग आकर वह अपने मायके रमझाला में रह रही थी। जब कंधी उसे लेने पहुंचा और उसने साथ जाने से इनकार किया, तो उसने यह कदम उठाया।

घटना के बाद युवक के ससुर शिवराम कोरी ने चंदला थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति कंधी अनुरागी के खिलाफ धारा 226 बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में विवाद, मारपीट का वीडियो वायरल

छतरपुर। जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ऊजरा गांव में शासकीय भूमि पर कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद और मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो और ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है।

जानकारी के अनुसार गांव में सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर लंबे समय से यादव और कुशवाहा परिवार के बीच तनातनी चल रही थी। इसी विवाद के चलते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। आरोप है कि विवाद के दौरान यादव पक्ष की महिलाओं ने कुशवाहा परिवार के लोगों के साथ मारपीट की। घटना के दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन

गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए।

घटना की सूचना मिलने पर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को गढ़ीमलहरा थाने लाया गया। थाना पहुंचने के बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था, लेकिन वीडियो वायरल होने के बाद मामला फिर चर्चा में आ गया। गढ़ीमलहरा थाना प्रभारी रीता सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो करीब दो दिन पुराना है। दोनों पक्षों के बीच जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद हुआ था। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है, ताकि भविष्य में दोबारा विवाद की स्थिति न बने।

शादी तुड़वाने के लिए निजी फोटो-वीडियो ससुराल पक्ष को भेजने वाला युवक गिरफ्तार

छतरपुर। शादी वाले दिन युवती के निजी फोटो और वीडियो उसकी होने वाली ससुराल में भेजकर रिश्ता तुड़वाने के मामले में गढ़ीमलहरा पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर युवती के साथ प्रेम संबंधों का फायदा उठाकर उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का आरोप है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

आरोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी की पहचान अखिलेश अहिरवार पिता विष्णु अहिरवार (23) निवासी ग्राम मनकारी थाना महाराजपुर के रूप में हुई है। कार्रवाई गढ़ीमलहरा थाना प्रभारी रीता सिंह और उनकी टीम ने की।

शादी वाले दिन भेजे थे वीडियो

पीड़ित युवती और उसके परिजनों ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि युवती की शादी तय हो चुकी थी और विवाह की तैयारियां चल रही थीं। इसी दौरान आरोपी अखिलेश अहिरवार ने युवती के साथ पुराने प्रेम संबंधों से जुड़े निजी फोटो और वीडियो उसकी होने वाली ससुराल पक्ष को भेज दिए। परिजनों का आरोप है कि फोटो और वीडियो सामने आने के बाद ससुराल पक्ष ने शादी से इनकार कर दिया, जिससे परिवार को सामाजिक और मानसिक रूप से भारी आघात पहुंचा। घटना के बाद युवती ने गढ़ीमलहरा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

निःशुल्क शिविर का सैकड़ों लोगों ने लिया लाभ

विश्व मातृ दिवस पर आरोग्य भारती ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

ईशानगर।

विश्व मातृ दिवस के अवसर पर आरोग्य भारती द्वारा ईशानगर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में एक सैकड़ा से अधिक महिलाओं, बच्चों एवं पुरुषों को लाभ मिला।

जानकारी के मुताबिक स्थानीय पंचायत भवन में आरोग्य भारती की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।शिविर में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. गायत्री नामदेव, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. निधि रूसिया तथा चिकित्सक एवं आरोग्य भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. एस.आर. चतुर्वेदी ने मरीजों का परीक्षण कर स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सलाह दी। डॉ गायत्री नामदेव ने बताया कि शिविर के माध्यम से विशेष रूप से निःसंतान महिलाओं की जांच की गई और उन्हें आवश्यक

परामर्श दिया गया। इसके अलावा अन्य महिलाओं को भी आवश्यक उपचार दिया गया। उन्होंने कहा कि आज मातृ दिवस के अवसर पर उन्हें शिविर के माध्यम से महिलाओं की स्वास्थ्य की जांच करने का अवसर मिला है। सभी चिकित्सकों ने महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और नियमित जांच कराने की अपील की। आरोग्य भारती के जिला सचिव विकास चौबे ने बताया कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में सरपंच निधि जलज मिश्रा, प्रतीक्षा तिवारी, सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. जे.पी. मिश्रा के अलावा आरोग्य भारती से कमल अवस्थी, अवधेश दुबे, कुलदीप पांडे, पुष्पेंद्र कौशिक, रैकवार सपना सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

छात्रा अपहरण मामले में सियासत गर्म

उप्र के कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने अमित शाह को लिखा पत्र

छतरपुर। छतरपुर जिले के लवकुशनगर तहसील अंतर्गत पठा गांव की रहने वाली नीट अभ्यर्थी छात्रा निशा अहिरवार के महोबा से हुए कथित अपहरण प्रकरण को लेकर अब राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

अजय राय ने अपने पत्र में आरोप लगाया कि पीड़िता और उसके परिवार द्वारा पिछले एक वर्ष से लगातार धमकियों एवं उत्पीडन्न की शिकायत स्थानीय पुलिस से की जा रही थी, लेकिन पुलिस प्रशासन ने समय रहते कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि यदि शिकायतों को गंभीरता से लिया जाता तो इस घटना को रोका जा सकता था।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों का हवाला देते हुए उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपहरण, बलात्कार और महिला उत्पीडन्न की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जबकि सरकार कानून व्यवस्था मजबूत होने के दावे कर रही है।

अजय राय ने केंद्रीय गृहमंत्री से मामले की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच कराने, स्थानीय पुलिस प्रशासन की जवाबदेही तय करने तथा पीड़ित परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार को सख्त निर्देश जारी करने की अपील भी की है।

पिपरिया के पास दो बाइकों की भिड़ंत, 50 वर्षीय व्यक्ति गंभीर घायल

छतरपुर। रविवार को पिपरिया के समीप दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत में एक 50 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पहले बमीठा अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार सत्तार खान (50) निवासी पचवारा थाना उल्दन जिला झांसी मोटरसाइकिल से बमीठा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पिपरिया के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि सत्तार खान के सिर में गंभीर चोट आ गई और वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस की मदद से घायल को बमीठा अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया, जहां उनका उपचार जारी है।

सिविल सोसाइटी द्वारा दर्शना वृद्धा आश्रम की माताओं का किया गया चरण वंदन एवं स्वास्थ्य परीक्षण

छतरपुर।

अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस के अवसर पर छतरपुर सिविल सोसाइटी के समाजसेवियों द्वारा दर्शना वृद्धा आश्रम पहुंचकर वहाँ रह रही माताओं के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे समाजसेवियों द्वारा माताओं को फूल माला पहनकर सम्मानित करने के साथ साथ माताओं के पैर पखार कर चरण वंदन कर उनका आशीर्वाद लिया। माताओं ने भी अत्यधिक भावुक होकर सभी समाजसेवियों को दोनों हाथों से भरपूर आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर 5 सदस्यीय महिला डाक्टर्स टीम डा. आकृति शरद चौरसिया, डा. रचना सुनील चौरसिया, डा. सुरभि अंकुर खरे एवं नर्सिस हेड श्रीमती आरती मिश्रा द्वारा माताओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। भोपाल से डा. पुनीत तिवारी ने भी समस्त मातृत्व का आशीर्वाद प्राप्त किया तो वही एसडीएम प्रशांत अग्रवाल, सीएचएमओ आरपी गुप्ता, सिविल सर्जन शरद चौरसिया, डॉ. सुनील शर्मा, डीएलओ विधिक सेवा प्राधिकरण वीरेंद्र चिढ़ार ने भी मां के लिए मंगलकामनाएं की।

समाजसेवी शंकर लाल सोनी ने माँ शब्द को मात्र एक संबोधन नहीं, बल्कि जीवन, ममता और समर्पण एवं वात्सल्य का प्रतीक बताया। प्रो. सुरेंद्र सिन्हा ने कहा कि मां केवल जन्म देने वाली नहीं, बल्कि जीवन को आकार देने वाली प्रथम गुरु और प्रथम रक्षक भी होती है। इस अवसर पर साहित्यकार प्रो. सुरेंद्र सिन्हा, समाजसेवी शंकर लाल सोनी, कवि अवनीन्द्र खरे अंशुमान, दर्शना वृद्धा आश्रम संचालिका प्रभा वैद्य, राजेश गुप्ता, मानवाधिकार प्रशासनिक संस्थान के पंकज जैन, दिल्लाराम अहिरवार, कवि सीताराम साहू, आरपी कुरील, एलएल पटेरिया, रामकिशोर गुप्ता, अरविंद अवस्थी, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

चिकित्सा महाविद्यालय एवं संपूर्ण चिकित्सा परिसर में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जा रही है

रीवा । चिकित्सा महाविद्यालय सहित संपूर्ण चिकित्सा परिसर में निर्बाध विद्युत आपूर्ति दी जाती है। इस संबंध में महाविद्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय गांधी चिकित्सालय जहां पर सबसे ज्यादा आईसीयू , डायलसिस और ऑपरेशन थिएटर है वहां पर बिजली की आपूर्ति हेतु दो ट्रांसफार्मर वर्तमान में क्रियाशील अवस्था में है। जो ट्रांसफार्मर खराब था उसे कॉलेज प्रशासन द्वारा पूर्व में ही प्राथमिकता से सुधार दिया गया था। जिसके मध्याम से वर्तमान में संजय स्मृति चिकित्सालय को दो ट्रांसफार्मर द्वारा विद्युत आपूर्ति दी जा रही है। इसी प्रकार गांधी स्मारक चिकित्सालय में अलग से दो ट्रांसफार्मर द्वारा विद्युत आपूर्ति दी जाती है। वर्तमान में एक ट्रांसफार्मर रिपेयर के लिए दस दिन पूर्व ही जबलपुर भेजा गया है तथा एक ट्रांसफार्मर पूरी तरह से क्रियाशील अवस्था में है। जबकि सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल जहां आधुनिक आईसीयू स्थापित हैं वहां अलग से दो ट्रांसफार्मर है जो पूरी तरह से क्रियाशील अवस्था में है। चिकित्सा महाविद्यालय हेतु एक अन्य अतिरिक्त क्रियाशील ट्रांसफार्मर है। इस प्रकार संपूर्ण चिकित्सालय परिसर को 6 ट्रांसफार्मर द्वारा निर्बाध विद्युत आपूर्ति दी जाती है। मात्र एक ट्रांसफार्मर रिपेयर हेतु जबलपुर भेजा गया है।

क्षीरधारा ग्राम योजनान्तर्गत संयुक्त कार्यकारणी दल गठित

रीवा । प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की पूर्ति के उद्देश्य से क्षीरधारा ग्राम योजना प्रारंभ की गयी है। जिले के 58 ग्रामों को क्षीरधारा ग्राम घोषित किया गया है। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने चयनित ग्रामों के लिए संयुक्त कार्यकारणी दल गठित किया है। दल में पशुचिकित्सा विभाग के साथ ही कृषि विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों को शामिल किया गया है। गठित दल द्वारा चयनित ग्राम में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, हरा चारा उत्पादन, प्राकृतिक खेती, जैविक खाद एवं बायोगैस प्रबंधन विशेषज्ञता के कार्य कराये जायेंगे।

झूठे आरोप लगाकर बदनाम करने की साजिश

रीवा। शहर के घोघर क्षेत्र निवासी एक प्रॉपर्टी कारोबारी ने अपने ही पूर्व सहयोगी पर करोड़ों रुपये हड़पने और झूठे आरोप लगाकर बदनाम करने की साजिश रचने का गंभीर आरोप लगाया है। मामले को लेकर पीड़ित ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस उप महानिरीक्षक रीवा के समक्ष शिकायती आवेदन प्रस्तुत कर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 33 घोघर निवासी शकील खान पिता गुलफाम खान ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दिए आवेदन में बताया कि वह पिछले लगभग 15 वर्षों से रीवा शहर में प्रॉपर्टी डीलिंग का कार्य कर रहे हैं।

बकाया टैक्स वाले वाहनों को भी जारी हो रही परमिट, केंद्रीय मंत्री से लेकर लोकायुक्त-ईओडब्ल्यू-सीबीआई तक हुई शिकायत, प्राइवेट दलाल चला रहे हैं आरटीओ

रीवा आरटीओ कार्यालय में दलालों का दबदबा

रीवा। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) रीवा जन सेवाकेंद्र के बजाय खुलेआम लूट का केंद्र बन गया है, जहां नियम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, कार्यालय की प्रत्येक शाखा में अनाधिकृत लोगों की पैठ बनी हुई है। ड्राइविंग लाइसेंस वहन पंजीयन ट्रांसफर परमिट और फिटनेस सहित हर काम के लिए मोटी रकम वसूली जाती है। पूरे मामले को लेकर ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने आरटीओ मनीष त्रिपाठी के खिलाफ भ्रष्टाचार, अनियमितताओं और नियमों को दरकिनार कर काम कराने के आरोप लगाते हुए मुख्य सचिव परिवहन विभाग, परिवहन आयुक्त ग्वालियर, केंद्रीय परिवहन मंत्री नई दिल्ली, पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त रीवा, पुलिस अधीक्षक आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) रीवा, आयुक्त रीवा संभाग तथा पुलिस अधीक्षक सीबीआई जबलपुर से शिकायत कर जांच कराने की मांग की है, शिकायत में कहा गया है कि आरटीओ मनीष त्रिपाठी मूलतः सतना जिले के विरसिंहपुर क्षेत्र के ग्राम घोड़काट के निवासी हैं। उनकी पहली नियुक्ति वर्ष 2018 में रीवा में हुई थी और तब से वे लगातार यहीं पदस्थ हैं।,पदस्थापना के बाद से ही उन्होंने भ्रष्टाचार के माध्यम से भारी संपत्ति अर्जित की है और आज करोड़ों रुपये की चल-अचल संपत्ति के मालिक बताए जा रहे हैं। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरटीओ कार्यालय में अधिकारी स्वयं कम ही बैठते हैं और अधिकांश काम कथित रूप से दलालों के माध्यम से कराया जाता है। अलग-अलग शाखाओं के लिए अलग-अलग लोगों को जिम्मेदारी दी गई है। परमिट शाखा में विनोद शुक्ला, बस पंजीयन एवं टैक्स शाखा में अफताब खान, लाइसेंस शाखा में शरद तिवारी, वाहन ट्रांसफर शाखा में लीला मैडम तथा फिटनेस शाखा में यज्ञेश तिवारी के माध्यम से काम कराए जाने की बात कही गई है। वही विभिन्न शाखाओं से होने वाली वसूली की रकम शाम के समय एकत्र कर वाहन स्वामी दिलीप शर्मा उर्फ पप्पी के माध्यम से आरटीओ तक पहुंचाई जाती है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि उड़नदस्ता दल में भी निजी व्यक्तियों को रखा गया है, जो बिना वर्दी के वाहन चालकों से कथित रूप से मनमानी राशि वसूलते हैं। शिकायत में कहा गया है कि केंद्र सरकार के परिवहन मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार वाहन फिटनेस जांच एटीएस सेंटर पर होना चाहिए, लेकिन इसके बावजूद रीवा में कथित रूप से प्रति वाहन लगभग 2000 रुपये लेकर आवेदन कराकर फिटनेस जारी किया गया। बताया गया है कि अब तक लगभग 200 से 300 ट्रक और बसों का फिटनेस प्रमाणपत्र इस तरह जारी किया जा चुका है।

फर्जी आदेश और नियमों को दरकिनार कर चल रहा पूरा खेल

लाखों रुपये का कर बकाया वाले वाहनों को जारी होती है परमिट

शिकायत के अनुसार कई ऐसे वाहनों को परमिट या परमिट नवीनीकरण दिया गया, जिन पर लाखों रुपये का कर बकाया था। उदाहरण के तौर पर कुछ वाहनों पर भारी कर बकाया होने के बावजूद स्थायी परमिट जारी किए जाने का उल्लेख शिकायत में किया गया है। कई आदेश ऐसे जारी किए गए जिनमें न तो स्पष्ट दिनांक अंकित होती है, न कार्यालय का नाम और न ही पत्र क्रमांक। इससे वाहन स्वामियों को भ्रमित करने और संभावित कार्रवाई से बचने के लिए पूरा खेल खेला जाता है, वही छोटे वाहन मालिकों को परेशान किया जाता है, जबकि बड़े वाहन मालिकों से कथित रूप से मोटी रकम लेकर उन्हें राहत दी जाती है, जिससे शासन को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

2000 रुपये में जारी होता है फिटनेस प्रमाण पत्र

जानकारी के अनुसार भारत सरकार का सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार वाहनों की फिटनेस जांच स्वचालित परीक्षण स्टेशन (एटीएस) में होनी चाहिए। इसके बावजूद आरोप है कि रीवा में कार्यालय स्तर पर ही आवेदन करवाकर कथित रूप से प्रति वाहन लगभग 2000 रुपये लिए गए और बड़ी संख्या में ट्रक व बसों का फिटनेस प्रमाण पत्र जारी किया गया है।

शाखावार मनमानी रेट पर भी एक नजर

बताया जा रहा है कि ट्रांसफर शाखा में एलएमवी (लाइट मोटर व्हीकल) मोटर साइकिल के लिए 1000 से 1500 रुपए एवं ऑटो के लिए 1500 से 8 हजार रुपए तक अनाधिकृत वसूले जाते हैं। भारी वाहनों के रजिस्ट्रशन और ट्रांसफर से संबंधित त्रैमासिक शाखा में टेलर के लिए 17 हजार, 16 चका ट्रक के लिए 10 हजार एवं अन्य ट्रक के लिए 5 हजार रुपए वसूले जाते हैं। लाइसेंस शाखा में हैवी लाइसेंस के लिए 2 हजार एवं लाइट लाइसेंस के लिए 600 रुपए अतिरिक्त वसूले जाते हैं। महिलाओं के लिए सरकार ने नि शुल्क लाइसेंस का प्रावधान किया है लेकिन यहां की व्यवस्था के तहत उनसे भी 500 रुपए वसूले जाते हैं। परमिट शाखा में स्कूल बस के 5 साला परमिट के लिए 20 हजार रुपए, प्राइवेट वाहन के पांच साला परमिट के लिए 50 हजार रुपए तथा नई बसों के पंजीयन के लिए 10 हजार से 50 हजार रुपए तक की वसूली की जाती है।1

गोविंदगढ़ थाना पुलिस की ऑपरेशन प्रहार-2 के तहत बड़ी कार्यवाही, अवैध नशीली कफ सीरफ के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार

रीवा

पुलिस महानिरीक्षक महोदय रीवा के कुशल नेतृत्व में चलाये जा रहे आपरेशन प्रहार-2 के अंतर्गत नशे के सौदागरों के विरुद्ध रीवा पुलिस को एक और बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना गोविन्दगढ़ पुलिस ने अवैध नशीली कफ सीरफ की बिक्री कर रहे 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।थाना प्रभारी अरविंद सिंह राठौर ने जानकारी देते हुए बताया किदिनांक 10.05.2026 को थाना गोविन्दगढ़ के अंतर्गत चौकी शिवपुर्वा क्षेत्र में मुखबिर से सटीक सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति अवैध नशे का व्यापार करने की फिराक में हैं।सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा धुरहेटी अलोपन माता मंदिर के पीछे बगीचा में घेराबंदी की गई। तलाशी के दौरान 03 व्यक्तियों के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध नशीली कफ सीरफ बरामद की गई।पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 181/2026 धारा 8/21, 22 एनडीपीएस एक्ट (NDPS Act) के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। और आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया,जहाँ से जेल वारंट प्राप्त होने पर उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

गिरफ्तार आरोपीगण

अजीत साकेत उर्फ कार्तिक साकेत (20 वर्ष), पिता रामनरेश साकेत, निवासी कनौजा,थाना बिछिया, जिला रीवा।मनीष कुमार साकेत (22 वर्ष), पिता सिद्धमुनि साकेत, निवासी बरिगवा, थाना गोविन्दगढ़, जिला रीवा।योगेश साकेत (19 वर्ष), पिता राजकुमार साकेत, निवासी ग्राम कनौजा, थाना गोविन्दगढ़, जिला रीवा।

बरामद सामग्री

अवैध नशीली कफ सीरफः 78 नग (कुल कीमत लगभग 15,717/- रुपये)वाहनः पल्सर मोटरसाइकिल (क्रमांक MP17ZS1054, कीमत लगभग 1,20,000/- रुपये) कुल बरामदगीः लगभग 1,35,717/- रुपये

कार्यवाही में मुख्य भूमिका

इस सफल कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक अरविन्द सिंह राठौड़, उप निरीक्षक निशा खूता, सउनि इन्द्रभान सिंह, सउनि गुलाब प्रसाद कोल, प्रआर. शंकर सिंह बघेल, प्रआर. शिवकुमार दुबे, आरक्षक मनोज यादव, नीरज पाण्डेय, ललित, शिवम द्विवेदी, सैनिक प्रदीप दुबे एवं सैनिक विनीत शुक्ला की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही है।

मऊगंज जिले में राजस्व अमले पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप, सीमांकन में पुलिस की सक्रियता पर उठे सवाल

रीवा 1 मऊगंज जिले में राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। क्षेत्र में लगातार ऐसे आरोप सामने आ रहे हैं कि पटवारी, आरआई से लेकर तहसीलदार स्तर तक जमीन संबंधी मामलों में भारी अनियमितताएं और हेरफेर किए जा रहे हैं। आरोप है कि जमीनों की गलत तरीके से तरमीम और रिकॉर्ड में बदलाव के कारण गांवों में विवाद लगातार बढ़ रहे हैं, जबकि इससे जुड़े लोगों का कथित "धंधा" फल-फूल रहा है।इसी बीच ग्राम पाड़र में चल रहे एक जमीन सीमांकन मामले ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। जानकारी के अनुसार सीमांकन कार्य के दौरान मऊगंज थाना प्रभारी द्वारा थाने की पूरी फोर्स मौके पर भेज दी गई। इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों में कई तरह की चर्चाएं हैं। लोगों का कहना है कि ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो पुलिस के पास इस सीमांकन के अलावा कोई अन्य कार्य शेष नहीं बचा है।स्थानीय नागरिक सवाल उठा रहे हैं कि आखिर इस सीमांकन में थाना प्रभारी की इतनी विशेष रुचि क्यों दिखाई दे रही है। वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि इसी पाड़र गांव में पूर्व में हुई चोरी की घटनाओं में पुलिस न तो चोरों तक पहुंच सकी और न ही मामले में गंभीर जांच दिखाई दी। लेकिन सीमांकन जैसे राजस्व मामले में पुलिस बल की सक्रियता ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन और पुलिस इसी तत्परता से अपराधों की जांच और कानून व्यवस्था पर ध्यान दें तो क्षेत्र में लोगों का विश्वास बढ़ सकता है। फिलहाल यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग राजस्व व पुलिस विभाग की भूमिका पर खुलकर सवाल उठा रहे हैं।

पूर्व शिकायतों पर विभाग मौन परेशान हो रहे बीपीएल हितग्राही

रीवा। जिले के नगर परिषद गुढ़ में शासकीय निःशुल्क खाद्यान्न वितरण व्यवस्था को लेकर लगातार शिकायतें सामने आने के बावजूद संबंधित विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से बीपीएल हितग्राहियों में भारी नाराजगी व्याप्त है। गरीब परिवारों का आरोप है कि पूर्व में कई बार शिकायत करने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया, जिसका खामियाजा आज भी आम हितग्राहियों को भुगतना पड़ रहा है। क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 8 से 13 तक खाद्यान्न वितरण करने वाले कोटेदार अनिल सैनी तथा वार्ड क्रमांक 1 से 7 तक के कोटेदार छोटेलाल उर्मालिया पर हितग्राहियों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। बताया गया है कि पहले हितग्राहियों को लंबी लाइन में खड़ा कर अंगूठा लगवाया जाता है और इसके बाद खाद्यान्न वितरण कई दिनों बाद किया जाता है। इस व्यवस्था के कारण मजदूरी कर जीवनयापन करने वाले गरीब परिवारों को बार-बार दुकान के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। हितग्राहियों का कहना है कि राशन लेने के लिए उन्हें कई बार काम छोड़कर आना पड़ता है, जिससे उनकी रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है। वहीं वितरण के दौरान तौल में गड़बड़ी और निर्धारित मात्रा से कम खाद्यान्न दिए जाने की शिकायतें भी लगातार सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद विभागीय अधिकारी केवल औपचारिकता निभाते रहे और अब तक किसी प्रकार की सख्त कार्रवाई नहीं हुई। इससे कोटेदारों के हौसले बुलंद हैं और गरीब हितग्राही लगातार परेशान हो रहे हैं।

रीवा-गोविंदगढ़ मार्ग पर ट्रक और यात्री बस स्कूल की बाउंड्री तोड़कर घुसी, 11 केव्ही विद्युत पोल टूटा, कई यात्री घायल, बड़ा हादसा टला

रीवा। जिले के रीवा-गोविंदगढ़ मार्ग पर रविवार को सुबह एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगापुर के समीप तेज रफ्तार ट्रक और यात्री बस अनियंत्रित होकर निजी स्कूलों की बाउंड्रीवाल तोड़ते हुए जा टकराए। हादसे के दौरान 11 केव्ही विद्युत लाइन का पोल भी टूट गया, जिससे इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि बस में करंट नहीं उतरा और कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार राम रथ ट्रेवल्स की यात्री बस शहडोल से यात्रियों को लेकर रीवा आ रही थी। जैसे ही बस गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के गंगापुर के समीप पहुंची, तभी बस के आगे चल रहे ट्रक चालक ने अचानक वाहन मोड़ दिया। सामने चल रहे ट्रक के अचानक दिशा बदलने से बस चालक संतुलन खो बैठा और बस अनियंत्रित हो गई। देखते ही देखते बस ट्रक से टकराते हुए सड़क किनारे स्थित निजी स्कूल की बाउंड्रीवाल को तोड़कर भीतर जा घुसी। हादसा इतना तेज था कि बस और ट्रक की टक्कर से वहां लगा 11 हजार केव्ही विद्युत लाइन का पोल भी टूटकर गिर पड़ा। विद्युत तार सड़क और वाहन के ऊपर झूलने लगे, जिससे मौके पर मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल सूझबूझ दिखाते हुए बस में फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला और विद्युत विभाग तथा पुलिस को घटना की सूचना दी। बताया गया कि हादसे में बस में सवार कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। घायलों को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। वही प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि बस में करंट फैल जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था।घटना की सूचना मिलते ही गोविंदगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने ट्रक और बस को सड़क किनारे हटवाकर यातायात बहाल कराया। वहीं विद्युत विभाग की टीम ने टूटे पोल और विद्युत लाइन की मरम्मत का कार्य किया।

भोजन में कीड़ा मिलने और पोस्टर विवाद से मचा बवाल

नईगढ़ी मे मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में 176 जोड़े बंधे वैवाहिक बंधन में

मऊगंज। जिले के नईगढ़ी जनपद पंचायत एवं नगर परिषद क्षेत्र में मुख्यमंत्री सामूहिक कन्यादान विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत नवीन स्टेडियम परिसर में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 176 जोड़ों ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए, वहीं मुस्लिम जोड़ों का निकाह भी संपन्न कराया गया। विवाह के बाद शासन की योजना अनुसार नवदंपतियों को उपहार भी वितरित किए गए।कार्यक्रम में रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा, मनगवां विधायक इंजीनियर नरेंद्र प्रजापति, जनपद पंचायत अध्यक्ष ममता कुंज बिहारी तिवारी, नगर परिषद अध्यक्ष नागिता गुप्ता, एडीएम पीके पांडे, एसडीएम एपी द्विवेदी और सीईओ उषा किरण गुप्ता सहित कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने नवयुगलों पर पुष्पवर्षा कर आशीर्वाद दिया।सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना गरीब परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि कई ऐसे माता-पिता हैं जो आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण बेटियों का विवाह नहीं कर पाते थे, लेकिन अब वे बिना खर्च के सम्मानपूर्वक बेटियों का विवाह कर पा रहे हैं। साथ ही सरकार नवदंपतियों को वैवाहिक जीवन की शुरुआत के लिए आर्थिक सहायता भी उपलब्ध करा रही है। विधायक नरेंद्र प्रजापति ने भी नवदंपतियों को शुभकामनाएं देते हुए सुखद जीवन का आशीर्वाद दिया।भोजन में कीड़ा मिलने से नाराज हुए हितग्राहीकार्यक्रम के दौरान भोजन वितरण व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए। सामाजिक न्याय विभाग द्वारा वितरित भोजन के एक पैकेट में कीड़ा निकलने का मामला सामने आया। जैसे ही हितग्राही ने भोजन का पैकेट खोला, उसमें कीड़ा रेंगता दिखाई दिया, जिसके बाद वहां मौजूद लोगों में नाराजगी फैल गई।मामले पर सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि बड़े आयोजनों में कभी-कभी थोड़ी बहुत अव्यवस्था हो जाती है, लेकिन व्यवस्था में सुधार जरूरी है। वहीं एसडीएम एपी द्विवेदी ने भी भोजन संबंधी शिकायत मिलने की पुष्टि करते हुए जांच का भरोसा दिलाया।पोस्टर से विधायक नरेंद्र प्रजापति गायब, कार्यकर्ताओं में नाराजगीकार्यक्रम के दौरान मंच पर लगाए गए बड़े पोस्टर को लेकर भी विवाद खड़ा हो गया। पोस्टर में देवतालाब विधायक गिरीश गौतम, मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल और भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा की तस्वीरें लगी थीं, लेकिन कार्यक्रम में मौजूद मनगवां विधायक नरेंद्र प्रजापति की तस्वीर और नाम पोस्टर से गायब थे। जबकि मंगगवा विधायक नरेंद्र प्रजापति मंच पर मौजूद भी थे।इससे लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखने को मिली। रामपुर सर्किल भाजपा मंडल अध्यक्ष अंशु सिंह ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक का नाम और तस्वीर पोस्टर में न होना व्यवस्था की बड़ी चूक है।

रील बनाना पड़ा भारी, वाटर फॉल की तेज धार में फंसा युवकदोस्तों की सूचना पर पहुंची पुलिस, ग्रामीणों की मदद से घंटों चले रेस्क्यू के बाद बचाई जान

रीवा। सोशल मीडिया पर रील बनाने का बढ़ता जुनून अब युवाओं की जान पर भारी पड़ने लगा है। रीवा जिले में एक युवक को वाटर फॉल के बीच खड़े होकर रील बनाना इतना महंगा पड़ गया कि उसकी जान संकट में आ गई। युवक तेज बहाव वाली पानी की धार के बीच फंस गया और कुछ ही देर में वहां अफरा-तफरी मच गई।घटना जिले की जवा तहसील अंतर्गत अतरैला थाना क्षेत्र स्थित टोंस विद्युत जल प्रपात इटमा की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार युवक अपने दोस्तों के साथ घूमने और नहाने के लिए वाटर फॉल पहुंचा था। इसी दौरान वह सोशल मीडिया के लिए रील बनाने के उद्देश्य से पानी की तेज धार के बीच चला गया। बताया जा रहा है कि शुरुआत में युवक सामान्य तरीके से वीडियो बना रहा था, लेकिन अचानक पानी का बहाव तेज होने के कारण वह बीच धारा में फंस गया। पानी का दबाव इतना अधिक था कि युवक बाहर निकलने की कोशिश करता रहा, लेकिन सफल नहीं हो सका। युवक को धार में फंसा देख उसके दोस्तों के होश उड़ गए और उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही अतरैला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद ली और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों और पुलिस टीम ने युवक तक पहुंच बनाई और उसे सुरक्षित बाहर निकाला। रेस्क्यू के दौरान युवक पानी के तेज बहाव में बहते हुए कई बार पत्थरों से टकरा गया, जिससे उसे चोटें आई हैं। बाहर निकालने के बाद प्राथमिक उपचार कराया गया। फिलहाल युवक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। वहीं पुलिस ने भी लोगों से अपील की है कि बारिश के मौसम में नदी, झरनों और जलप्रपातों के आसपास सावधानी बरतें और खतरनाक स्थानों पर जाकर रील या वीडियो बनाने से बचें, क्योंकि थोड़ी सी लापरवाही बड़ा हादसा बन सकती है।

रीवा संसद ने कुर्ग के एलीफेंटा कैंप में हाथियों संग बिताए यादगार पल, हाथियों को नहलाया, गुड़ खिलाया संरक्षण और देखभाल की व्यवस्थाओं को करीब से

रीवा। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संबंधी स्थायी समिति के अध्ययन दौरे के दौरान कर्नाटक के कुर्ग स्थित एलीफेंटा कैंप में सदस्यों के साथ रीवा संसद जनार्दन मिश्रा ने हाथियों के साथ विशेष समय बिताया। समिति के सदस्यों ने हाथियों को नदी में स्नान कराया और उन्हें गुड़ खिलाकर स्नेह प्रकट किया। इस दौरान कैंप में मौजूद व्यवस्थाओं और हाथियों के संरक्षण मॉडल का भी गहन अध्ययन किया गया। समिति के सदस्यों ने हाथियों की देखभाल, खान-पान, स्वास्थ्य परीक्षण और प्रशिक्षण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि कैंप में हाथियों को प्राकृतिक वातावरण में रखा जाता है, जिससे उनका व्यवहार संतुलित बना रहता है और वे तनावमुक्त रहते हैं। यहां पारंपरिक अनुभव और आधुनिक पशु चिकित्सा पद्धतियों के समन्वय से हाथियों की देखभाल की जाती है।

पंचायत खर्चों पर उठे सवाल, मेडिकल स्टोर से मोरम ढुलाई के बिल भुगतान चर्चा में

मऊगंज। जिले के जनपद पंचायत नईगढ़ी क्षेत्र के अंतर्गत कई ग्राम पंचायतों में हुए खर्च और भुगतानों को लेकर अब गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। पंचायत दर्पण पोर्टल पर दर्ज भुगतान विवरण, वायरल बिलों और ग्रामीणों के आरोपों ने पंचायतों की खरीदी प्रक्रिया एवं विकास कार्यों की पारदर्शिता पर संदेह पैदा कर दिया है।सामने आए दस्तावेजों में प्रेम मेडिकल स्टार एवं एंटरप्राइज डीलहा खर्रा नामक फर्म को विभिन्न पंचायतों द्वारा हजारों से लेकर लाखों रुपये तक के भुगतान दर्ज दिखाई दे रहे हैं। सबसे हैरानी की बात यह है कि मेडिकल सामग्री से जुड़े नाम वाली फर्म के माध्यम से मोरम ढुलाई और निर्माण कार्यों के बिल सामने आने लगे हैं, जिससे ग्रामीणों में शंका और बढ़ गई है।वायरल बिलों में मोरम ढुलाई के नाम पर 50 नग सामग्री का लगभग 49 हजार रुपये का भुगतान दर्शाया गया है। वहीं पंचायत दर्पण पोर्टल में ग्राम पंचायत तिवारीगंवा मनबोध, खर्रा मनकहरी सहित अन्य पंचायतों द्वारा इसी फर्म को अलग-अलग तिथियों में 38,400 रुपये, 61,750 रुपये, 90,030 रुपये और 78,000 रुपये तक के भुगतान दर्ज बताए जा रहे हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि कई पंचायतों में कागजों पर भारी खर्च दिखाया गया, लेकिन जमीनी स्तर पर कार्य स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहे हैं। सड़क मरम्मत, मोरम सप्लाई और अन्य विकास कार्यों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि कई जगह कार्य अधूरे हैं, जबकि भुगतान पूर्ण रूप से कर दिया गया।स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पंचायतों में खरीदी और भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी है। एक ही फर्म को लगातार भुगतान होने से ग्रामीणों में संदेह गहराता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि विकास कार्यों और सामग्री खरीदी के नाम पर फर्जी बिल तैयार कर राशि निकालने का खेल चल रहा है।ग्रामीणों एवं सामाजिक संगठनों ने जिला प्रशासन, जनपद पंचायत और संबंधित विभागों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि भुगतान रिकॉर्ड, बिल-वाउचर और संबंधित कार्यस्थलों की जांच कराई जाए तो वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है।अब क्षेत्र की जनता की निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि पंचायतों में हुए इन भुगतानों और कथित फर्जी बिलों की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाती है या मामला कागजों तक ही सीमित रह जाता है।